Daily Current Affairs 26 July 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 24 जुलाई को मनाया गया 163वाँ आयकर दिवस
• 24 जुलाई, 2022 को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड तथा देश भर में इसके सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में 163वाँ आयकर दिवस मनाया गया है। 24 जुलाई, 1860 को ब्रिटिश शासन द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश शासन को हुए नुकसान की भरपाई के लिये सर जेम्स विल्सन द्वारा भारत में पहली बार आयकर पेश किया गया था।
• वर्ष 1963 में 'केंद्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963' के माध्यम से केंद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन दो संस्थाओं- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (Central Board of Direct Taxation) तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड (Central Board of Excise and Customs) का गठन किया गया था, ये दोनों ही संस्थाएँ 'सांविधिक निकाय' (Statutory Body) हैं।

2. जापान के सकुराजिमा ज्वालामुखी में हुआ विस्फोट
• जापान के कागोशिमा प्रान्त में स्थित सकुराजिमा ज्वालामुखी 24 जुलाई, 2022 को फट गया। इसमें से लगातार राख और पत्थर निकल रहे हैं। आसपास के लोगों के लिए घर खाली कराये गए है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जेएमए ने पांचवें स्तर का अलर्ट जारी किया है।
• अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक सकूरजिमा ज्वालामुखी जापान के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी में शामिल है। इससे पहले हालिया दशकों में इस ज्वालामुखी में कई बार विस्फोट हो चुका है। यह इससे पहले जनवरी, 2022 में भड़का था और कई किलोमीटर दूर तक हवा में राख के बादल फैल गए थे।

3. असम सरकार ने बराक घाटी में दूसरे वन्यजीव अभयारण्य को दी हरी झंडी
• असम की बराक घाटी कई पक्षियों और स्तनपायी प्रजातियों का निवास स्थान है। इसलिए बराक भुवन को जल्द ही असम का दूसरा वन्यजीव अभयारण्य स्थापित किया जाएगा। बराक भुवन वन्यजीव अभयारण्य के प्रस्ताव को राज्यपाल जगदीश मुखी ने अपनी मंजूरी दे दी है।
• बराक घाटी में पहले से ही बोरैल वन्यजीव अभयारण्य अवस्थित है। बराक भुबन वन्यजीव अभयारण्य बराक नदी और सोनाई नदी के बीच 320 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला होगा। इस इलाके में बंदरों की आठ प्रजातियां है जिनमें स्लो लोरिस, रीसस मकाउ, पिग टेल्ड मकाउ, स्टंप टेल्ड मकाउ, असमी मकाउ, कैप्ड लंगूर आदि प्रमुख हैं।

4. भारत का पहला ब्रेन हेल्थ क्लिनिक बेंगलुरु में हुआ शुरू
• हाल ही में कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने भारत में अपनी तरह के पहले ब्रेन हेल्थ क्लिनिक (BHC) का उद्घाटन बेंगलुरु, कर्नाटक में किया है। यह कर्नाटक ब्रेन हेल्थ इनिशिएटिव (KaBHI) के तहत निमास (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज) के सहयोग से राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित किया गया है। मानसिक स्वास्थ्य का इलाज 243 नम्मा क्लीनिकों में उपलब्ध होगा जो जल्द ही काम करने लगेंगे।

Daily Current Affairs 26 July 2022

5. लोकसभा ने पास किया भारतीय अंटार्कटिक विधेयक 2022
• 22 जुलाई, 2022 को लोकसभा ने भारतीय अंटार्कटिक विधेयक, 2022 पारित किया है। इस विधेयक का उद्देश्य अंटार्कटिक क्षेत्र में भारतीय अनुसंधान स्टेशनों को देश के घरेलू कानूनों के तहत लाना है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने विधेयक को विचार के लिए पेश किया था।
• अंटार्कटिक क्षेत्र में भारत के दो सक्रिय अनुसंधान केंद्र हैं- भारती और मैत्री। अनुसंधान केंद्र क्षेत्र में शोध करने वाले वैज्ञानिकों के लिए आधार हैं। बिल इन अनुसंधान केंद्रों पर भी घरेलू कानूनों के आवेदन का विस्तार करना चाहता है, क्योंकि वे वर्तमान में इसके दायरे में नहीं आते हैं।

6. फिल्म निर्माता केपी कुमारन को 'जेसी डेनियल अवार्ड 2022' से किया गया सम्मानित
• हाल ही में मलयालम फिल्म निर्माता के.पी. कुमारन को केरल के सर्वोच्च फिल्म पुरस्कार 'जेसी डेनियल अवार्ड 2022' से सम्मानित किया गया है। कुमारन ने मलयालम फिल्म उद्योग में उनके योगदान के लिए पुरस्कार जीता। इस पुरस्कार में 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक पट्टिका शामिल है।
• जेसी डेनियल अवार्ड केरल सरकार की तरफ से दिया जानेवाला सबसे बड़ा इनाम है। हर साल दिए जानेवाले इनाम के तहत विजेता को 5 लाख रुपए की राशि और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। 1992 में स्थापित, यह पुरस्कार मलयालम सिनेमा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

7. नीति आयोग ने इलेक्ट्रिक वाहन जागरूकता बढ़ाने के लिए ई-अमृत मोबाइल ऐप का अनावरण किया
• हाल ही में नीति आयोग ने भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। केंद्रीय एजेंसी ने भारतीय नागरिकों के बीच ई-मोबिलिटी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'ई-अमृत' (e-Amrit) मोबाइल ऐप लॉन्च किया है।
• ई-अमृत अब तक एक पोर्टल हुआ करता था जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के सभी पहलुओं के बारे में जानकारी उपलब्ध करना था। नीति आयोग ने एक रिपोर्ट भी जारी की है जिसमें कहा गया है कि इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के कारण भारत का ऊर्जा भंडारण अब तक के उच्चतम स्तर तक पहुंचने की संभावना है।

8. MSME के लिए RAMP योजना की गई शुरू
• जुलाई, 2022 में सरकार द्वारा एमएसएमई के लिए RAMP योजना की शुरुआत की गई है। यह योजना 'एमएसएमई प्रदर्शन में सुधार और तेज़ी' (Raising and Accelerating MSME Performance) RAMP है। यह एक विश्व बैंक समर्थित केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
• इससे एमएसएमई क्षेत्र के प्रदर्शन को बढ़ावा देकर रोज़गार के अवसरों में बढ़ोतरी में मदद मिलेगी। साथ ही यह मौजूदा एमएसएमई योजनाओं के प्रभाव में वृद्धि के साथ राज्यों में एमएसएमई की कार्यान्वयन क्षमता और कवरेज को बढ़ावा देगी। आपको बता दे कि इस योजना कि घोषणा बजट 2022-23 में की गई थी।

9. दिन-रात तिरंगा फहराने की अनुमति देने के लिए भारतीय ध्वज संहिता 2002 में किया गया संशोधन

Daily Current Affairs 26 July 2022

• हाल ही में केंद्र सरकार ने भारतीय ध्वज संहिता 2002 में संशोधन करते हुए खुले में तथा व्यक्तिगत मकानों या भवनों पर दिन-रात तिरंगा फहराने की अनुमति दे दी है। इससे पहले ध्वज को खुले में सूर्योदय से सूर्यास्त तक फहराने की ही अनुमति थी।
• अब कोई भी भारतीय नागरिक, निजी या शैक्षणिक संस्थान सभी दिवसों और अवसरों पर राष्ट्रीय ध्वज के गौरव और सम्मान के अनुरूप तिरंगा फहरा सकता है। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ से ठीक पहले यह निर्णय लिया गया है।

10. सुपरस्टार कमल हासन को मिला UAE गोल्डन वीजा
• जुलाई, 2022 में साउथ सुपरस्टार कमल हासन को संयुक्त अरब अमीरात द्वारा प्रतिष्ठित गोल्डन वीजा दिया गया है। कमल हसन से पहले अभिनेता नासिर, ममूटी, मोहनलाल, टोविनो थॉमस, पार्थिएपन, अमला पॉल और शाहरुख खान सभी इसे प्राप्त कर चुके हैं।
• बता दें, कमल हासन आखिरी बार विक्रम में नजर आए थे, जो एक ब्लॉकबस्टर हिट थी। लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित, विक्रम में कमल हासन, विजय सेतुपति और फहद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं।